हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

**BA LLB**
**BBA LLB**
**LLB**
**LLM**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
D.Pharmacy
B.Pharmacy
M.Pharmacy
Pharm.D

EDUCATION
B.P.Ed | B.Ed
MA.Ed. | MA.(P.Ed)

SCIENCE
B.Sc.
M.Sc.

INFORMATION TECHNOLOGY
DCA | PGDCA
MCA

ARTS & HUMANITIES
BA | BA (J & MC) | BSW
BA (Lib. Arts) | MA | MSW
MA (J & MC)

DESIGN
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

YOGA
Diploma
B.Sc.
PG Diploma
M.Sc.

COMMERCE
B.Com.
B.Com. Hons.
(in Banking & Finance)
(Includes GST & Taxation)
M.Com.
M.Com.
(Banking & Finance)

RESEARCH
Ph.D.

MANAGEMENT
BBA
MBA

LIBRARY SCIENCE
B.Lib.
M.Lib.

ENGINEERING
Diploma I B.Tech
M.Tech

**NEW-AGE PROGRAMS**

BBA (With **FINTECH** as a specialisation) | BCA in **AI & ML** | B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity** | B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science** | BBA in **Film Making** In collaboration with NIRA EDUCOM | B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education | Master of **Data Science** | BCA Specialisation in **Game Development with AI** | Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

4

गैस, पेट्रोल-डीजल, और उर्वरक की कोई कमी नहीं




## खबर संक्षेप

### आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम राईकेरा निवासी तबरून बीबी पति स्व. आरीफ (85 वर्ष) 26 मार्च की शाम 5 बजे चूल्हा में आग जलाकर भोजन बना रही थी जबकि बहू रेशा बाहर काम कर रही थी तभी वृद्धा चीखने चिल्लाने लगी तो बहू अंदर जाकर देखी तो वृद्धा आग की चपेट में आ गई थी। बहू ने किसी तरह आग बुझाने के पश्चात घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाग बहार थाना अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी सीता बाई पैकरा पति तपेश्वर पैकरा (37 वर्ष) 26 मार्च की सुबह लगभग 6 बजे अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे पत्थगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी सुमित सिंह आ. राम प्रकाश सिंह (20 वर्ष) गत दिन ग्राम परसापाली निवासी दोस्त निकेश के साथ बाइक से घूमने निकले थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम धनोरा मोड़ के समीप पहुंचे तभी युवक ने बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को तत्काल दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने सुमित सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर रात लगभग 9.52 बजे आपात कालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### सड़क के चौड़ीकरण से मिलेगी जाम से राहत

**अम्बिकापुर।** जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिलकर रेलवे स्टेशन की सड़क का चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण एवं पृथक पहुंच मार्ग विकसित करने की मांग की है। श्री तिवारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत स्टेशन परिसर में मार्ग चौड़ीकरण सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। वॉशिंगपीट का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है तथा निर्माणाधीन अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं स्टेबलिंग लाइन के पूर्ण होने के पश्चात स्टेशन की क्षमता एवं रेल कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। भविष्य में अन्य प्रदेशों तक फाइनल लोकेशन सर्वे के अनुरूप नई लाइन निर्माण, यात्री गाड़ियों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों की आवाजाही में भी वृद्धि होगी। स्टेशन परिसर के बार से मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग तक जाने वाला संपर्क मार्ग अत्यंत व्यस्त एवं संकीर्ण है। ट्रेन के आगमन के समय वाहनों की अत्यधिक भीड़ एवं अव्यवस्थित यातायात के कारण अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रेलवे स्टेशन से मनेंद्रगढ़ रोड तक की सड़क का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कर टू-लेन मार्ग विकसित करने दोनों दिशाओं में निर्बाध आवागमन संभव होगा। इसके अतिरिक्त स्टेशन के पश्चिमी किनारे स्थित रेलवे क्वार्टर के आगे से मनेन्द्रगढ़ रोड तक लगभग 15 फीट चौड़ा मार्ग है, जिसे विकसित कर पृथक पहुंच मार्ग के रूप में विकसित करने पर यातायात का दबाव कम होगा।

## मुख्यमंत्री निवास बगिया में रामनवमी महायज्ञ का समापन

# श्रद्धा और भक्ति के बीच माता की प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रामनवमी पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में आयोजित चार दिवसीय श्री रामनवमी महायज्ञ का शनिवार को श्रद्धामय वातावरण में समापन हो गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, वहीं अंतिम दिन माता की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ विसर्जित किया गया। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से माता की प्रतिमा को बाजे-गाजे और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में मैनी तट तक ले जाया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालु "जय श्रीराम" और माता के जयघोष करते हुए यात्रा में शामिल हुए। नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के पश्चात माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

- बड़ी संख्या में जुटे देवी संत समाज के लोग
- बाजे गाजे के साथ निकली मइया की शोभा यात्रा

### 33 वर्षों से आयोजित हो रहा महायज्ञ

इस पूरे आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से सक्रिय रहीं और उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं का मार्गदर्शन करते हुए पूजा-अर्चना में भाग लिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित हो रहा यह महायज्ञ क्षेत्र की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है।चार दिनों तक चले इस महायज्ञ में प्रतिदिन पूजन, हवन, आरती, कथा-प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।





**नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति और भव्य लीला** विशेष रूप से नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति और भव्य लीला ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे बगिया क्षेत्र में इन चार दिनों तक भक्ति संगीत, प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।महायज्ञ का सफल संचालन परम पूज्य स्वामी धनपति पण्डा जी महाराज के आशीर्वाद में संपन्न हुआ,साथ ही मुख्यमंत्री के भाई जयप्रकाश साय सह पत्नी ने विधि विधान से पूजा सम्पन्न कराया। समापन के अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।भव्य आयोजन के सफल समापन के साथ ही बगिया एक बार फिर आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा।

# अष्ट प्रहरी महायज्ञः 24 घंटे गूंजता रहा हरे राम-हरे कृष्ण का नाम

**जशपुरनगर/दोकड़ा।** ग्राम गरियादोहर में रामनवमी महोत्सव पर आयोजित अष्ट प्रहरी महायज्ञ का रविवार को अत्यंत भव्य, श्रद्धामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे 24 घंटे तक चले इस अखंड धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। गांव का वातावरण "हरे राम-हरे कृष्ण" के संकीर्तन से निरंतर गुंजायमान रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आया।

- ओडिशा, झारखंड एवं आसपास गांवों की दर्जनों मंडलियों ने किया भावविभोर

इस विशेष आयोजन में ओडिशा एवं झारखंड से पहुंचे प्रसिद्ध कीर्तन गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्थानीय एवं आसपास के गांवों की कीर्तन मंडलियों ने भी बैठकी कर एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। कंचनपुर, पुसलदा, ठाकुर मुड़ा, टिकलीपारा, कछुवाकानी, सीमाबरी, केन्दूडीह और लुड़ेग सहित विभिन्न गांवों से आई मंडलियों ने अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।



**महाआरती में शामिल हुईं साय:** महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित महाआरती में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

**पारंपरिक दही हांडी ने भरा उत्साह:** समापन अवसर पर पारंपरिक दही हंडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने आयोजन में उत्साह और रोमांच का रंग भर दिया। युवाओं ने पूरे जोश के साथ दही हंडी फोड़कर कार्यक्रम का उल्लासपूर्ण समापन किया।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पद्मश्री जगेश्वर यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव, समाज के वरिष्ठ गणेश यादव, शंकर यादव, परसू यादव, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह, बलराम भगत, दिनेश प्रसाद, सरोज यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बजरंग बली मंदिर समिति गरियादोहर के तत्वावधान में आयोजित इस अष्ट प्रहरी महायज्ञ का समापन महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने गरियादोहर को एक भक्ति धाम का स्वरूप प्रदान कर दिया।

### नगर भ्रमण बना आकर्षण का केंद्र

महोत्सव के दौरान नगर भ्रमण भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ पूरे गांव में घूमे और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कीर्तन बैठकी में देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा, जहां श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

# जंगल क्षेत्र में अवैध बोरवेल खनन पर वन विभाग की कार्रवाई, दो वाहन जब्त

**जशपुरनगर।** वन क्षेत्र में अवैध बोरवेल खनन की प्राप्त सूचना पर वन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। अवैध बोर खनन में लगे 2 वाहनों को जप्त किया गया।

ग्रामीणों द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना देने पर वनमण्डलाधिकारी जशपुर शशि कुमार के निर्देशन में वन परिक्षेत्र सन्ना अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक तोरा, परिक्षेत्र सहायक सन्ना, बी. एफ.ओ. कामारिमा, चलनी, धनगुरी एवं बगीचा परिक्षेत्र के वन अमले द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। वन अमले द्वारा कक्ष क्रमांक पी 303 में पंचों एवं गवाहों की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि बोरवेल खनन का कार्य वन भूमि के अंदर अवैध रूप से किया जा रहा था, जिससे वन क्षेत्र एवं जैव विविधता को गंभीर क्षति पहुंचने की संभावना थी। मौके पर कार्य को तत्काल रुकवाया गया तथा संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में वाहन चालक श्री सल्लू राम ग्राम मनोहरपुर एवं गोधन कोमा ग्राम नर्राटोला जिला बालौद द्वारा बताया गया कि यह कार्य राजेश यादव ग्राम दातुनपानी के निर्देश पर किया जा रहा था। साथ ही यह भी बताया गया कि संबंधित वाहनों के मालिक रमेश जायसवाल निवासी बिलाईगढ़ जिला बलौदाबाजार हैं। वन विभाग द्वारा उक्त अवैध गतिविधि को गंभीरता से लेते हुए ट्रक को जब्त किया गया। इस संबंध में वन अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त वाहनों को वन आवासीय परिसर सन्ना में सुरक्षित रखा गया है।




### मुख्यमंत्री फैलोशिप योजना के लिए आवेदन 31 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शासन एवं नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा नवंबर 2024 में की गई थी। यह फेलोशिप कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे शासन की प्रभावशीलता और दक्षता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रायोजित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें समस्त शिक्षण शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा।

# दोस्त के साथ का मेला देखने गए युवक का मिला शव

**जशपुरनगर।** कछुवाकानी–सिंगीबहार मार्ग पर सिंगीबहार कोड़ाटोली के पास निर्माणाधीन पुल के नीचे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गया। घटना के बाद जहां शुरुआती तौर पर इसे सड़क दुर्घटना बताया जा रहा था, वहीं अब शव को बोरी और जीआई चदरा से ढंकी तस्वीर के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और ज्यादा उलझ गया है।

वायरल तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का माहौल गर्म है, वहीं परिजन इसे साधारण हादसा मानने को तैयार नहीं हैं। परिजनों ने साफ तौर पर हत्या की आशंका जताते हुए न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मृतक अपने साथी के साथ रामनवमी मेला देखकर रात में कछुवाकानी से लौट रहा था। इसी दौरान निर्माणाधीन पुल के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटनास्थल से बाइक के अवशेष भी बरामद हुए हैं, जिससे हादसे की संभावना तो बनती है, लेकिन शव की स्थिति और वायरल तस्वीरों ने शक को गहरा कर दिया है। मामले में नया मोड़ तब आया जब परिजन जशपुर के एसपी कार्यालय पहुंचे और जशपुर डीएसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।



#### 30 घंटे बाद परिवार अंतिम संस्कार के लिए हुआ तैयार

परिजनों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि यदि यह हत्या का मामला है तो आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। हालांकि, जशपुर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा समझाइश और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद करीब 30 घंटे बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

#### हर एंगल जांच कर रही है पुलिस

मृतक का अंतिम संस्कार उसके गृह निवास सांको में किया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि मामले में कई ऐसे पहलू सामने आ रहे हैं, जो साधारण दुर्घटना से मेल नहीं खाते और इन सभी बिंदुओं की गहराई से जांच जरूरी है।

## बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले को किया गौरवान्वित

# सीएम ने इचकेला की बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों को दिए क्रिकेट किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को जशपुर विकास खंड के मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम में ग्राम इचकेला के छत्तीसगढ़ बालिका क्रिकेट टीम 16 खिलाड़ियों से मुलाकात करके शुभकामनाएं दी।

क्रिकेट की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने वाली शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, इचकेला की प्रतिभाशाली छात्राओं को विष्णुदेव साय ने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्रावास की इन छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इसी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहें तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम रोशन करें। वर्तमान में इस इनफॉर्मल अकादमी से कुल 17 बालिकाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग में छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं तथा बोर्ड मैचों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वर्तमान में 40 खिलाड़ी क्रिकेट का निरंतर अभ्यास कर रही हैं। वर्ष 2025 में सरगुजा संभाग ने 25 वर्षों में पहली बार राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक विजय में इचकेला एमसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, क्योंकि सरगुजा संभाग की विजेता टीम में शामिल 11 खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ी इचकेला एमसीसी से थीं। इसी प्रकार, अंडर-19 वर्ग में सरगुजा संभाग ने रजत पदक अर्जित किया, जिसमें टीम की 11 में से 8 खिलाड़ी इचकला एमसीसी से थीं। वर्ष 2025 में रायगढ़ में आयोजित इंटर-स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट, जिसमें देशभर की टीमों ने भाग लिया, उसमें भी इचकेला एमसीसी की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। अब तक इस ग्रुप से 11 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इन उपलब्धियों के पीछे संतोष शंकर सोनी एवं पंडरी बाई का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है।



# नगर पालिका की डिजिटल डोर सुविधा का शुभारंभ

**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को एचडीएफसी बैंक के डिजिटल डोर सुविधा का शुभारंभ किया। बैंक ने नगर पालिका जशपुर को एक क्यूं आर कोड जनरेट करके दिया जिसके माध्यम से जशपुर जिले के नागरिक घर बैठे क्यूं आर कोड के माध्यम से संपत्ति कर जल कर दुकान का टेक्स पेमेंट कर सकते है लोगों को एचडीएफसी बैंक के माध्यम से हर घर के लिए अलग अलग क्यूं कोड बनाया गया है जिसको घर घर चस्पा भी किया जा रहा है। जिसमें मकान मालिक का नाम घर का नम्बर और मोबाइल नम्बर के साथ कितना घर का टेक्स बकाया है क्यूं आर कोड में पता चल जाएगा ताकि जशपुर नगरीय क्षेत्र के नागरिक इस क्यूं आर उपयोग करके टेक्स का भुगतान कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव कृष्णा राय कलेक्टर रोहित व्यास नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय एचडीएफसी बैंक के रिजनल मैनेजर सराफत अली शाखा प्रबंधक दीपक दास उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### ट्रैफिक उल्लंघन पर कार्रवाई 4 दिन में 76 प्रकरण

**सारंगढ़।** ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले और सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े किए वाहनों, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर विगत दिनों यातायात दल द्वारा लगातार ऑनलाइन मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई जिसमें 22 मार्च को 16 प्रकरण 5 हजार 800, 24 मार्च को 23 प्रकरण 7 हजार 900, 25 मार्च को 19 प्रकरण 12 हजार 200, 26 मार्च को 18 प्रकरण 9 हजार 500, की चालानी कार्यवाही की गई। इन 4 दिन में 76 प्रकरण और 35 हजार 400 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्राए उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक श्याम प्रधान, मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे।

### पानी मिल ही नहीं रहा हो गया सत्यापन

**कटेली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अब भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली में यह योजना ग्रामीणों के लिए राहत का साधन बनने के बजाय परेशानी का कारण बन चुकी है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल बाघे ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की नल-जल योजना केवल कागजों में ही पूरी कर दी गई है। जिले के अधिकांश गांवों में जल जीवन मिशन के तहत टंकी और नल कनेक्शन तो बना दिए गए हैं, लेकिन ग्रामीणों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि डोंगरीपाली में टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा दिखाया गया है, यहां तक कि घर-घर नल भी लगाए गए हैं, लेकिन आज तक किसी भी घर में पानी नहीं पहुंचा है। स्थिति यह है कि सूखी टंकियां फटने लगी हैं और घरों में लगे नल भी टूट-फूट रहे हैं। गोपाल बाघे ने आरोप लगाया कि ठेकेदार, पीएचई विभाग के अधिकारी और सरपंच की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की इस परियोजना का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। बिना पानी सप्लाई के ही सत्यापन कर योजना को पूर्ण दिखा दिया गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### दिव्यांग बच्चों के दांतों का परीक्षण, किट वितरण

**सारंगढ़।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर थीम स्वस्थ्य मुंह सुखी जीवन के तहत दिव्यांग बच्चों को मुख रोग की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों का दंत रोग परीक्षण कर डेंटल किट का वितरण किया गया। परीक्षण दल में डॉ इन्दु सोनवानी दंत रोग विशेषज्ञ जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य नियंत्रण कार्यक्रम रविन्द्र सिदार दंत चिकित्सक सहायक उपस्थित थे। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विगत दिवस जिले में कार्यरत समस्त सीएचो एवं आरएचो को दांत के प्रकार एवं उसकी संरचना प्रायः होने वाले मुख समस्याओं में दांतों में सड़न, मसूड़ों की बीमारी मुंह के छाले, सांसों की दुर्गंध, दांत दर्द और दांतों का टेढ़ा मेढ़ा होना, डेंटल फ्लोरोसिस लक्षण, प्रीकेंसर लिजन और ओरल कैंसर के लक्षण एवं उपचार की जानकारी दी गई।

### बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान की आशंका

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इससे एक ओर गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई। इस बेमौसम वर्षा का असर जनजीवन पर भी देखा गया। अचानक हुई बारिश के कारण बाजार में मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। कई दुकानदारों को अपनी दुकानों का सामान बचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान कुछ समय के लिए आवागमन भी बाधित रहा।

## 47 फील्ड प्रशिक्षकों को मिल रहा प्रशिक्षण, अप्रैल में प्रगणकों को करेंगे तैयार

# जनगणना की तैयारी शुरू, अधिकारी कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 की तैयारी को लेकर जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण पूरे जनगणना कार्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा हैए जिसमें जिले के 47 फील्ड प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह सत्र 29 मार्च तक संचालित होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात सभी फील्ड प्रशिक्षक अपने अपने तहसीलों में चार्ज अधिकारियों के मार्गदर्शन में 8 से 24 अप्रैल तक प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जिले में जनगणना कार्य सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे शुद्धता और समयबद्धता के साथ पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित न रहे, क्योंकि अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आंकड़े विकास योजनाओं की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी, प्रशासनिक एवं विधिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड स्तर पर कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना किया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न होगा।



जनगणना के लिए ट्रेनिंग देते ट्रेनर।

### मोबाइल एप पर डिजिटल होगा संकलन

इस बार जनगणना का कार्य डिजिटल रुप से मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन कर किया जाएगा। जनगणना निदेशालय से राज्य मास्टर ट्रेनर शिवम दास एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विकास सिन्हा ने प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, मैदानी क्रियान्वयन, तकनीकी उपयोग तथा कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की विधि, जनगणना में प्रयुक्त अवधारणाएं एवं परिभाषाएं, एचएलबी सीमाओं का ग्राउंड ट्रूथिंग, लेआउट मानचित्रों की तैयारी तथा एचएलओ मोबाइल ऐप के उपयोग और इसकी विशेषताओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ईएसआईसी अस्पताल में श्रमिकों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में लगातार प्रयास
- विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से उपचार हुआ सरल और सुलभ

औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों को बेहतर सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ईएसआईसी अस्पताल में सेवाओं का लगातार सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के समन्वित प्रयासों से अब श्रमिकों को पहले की तुलना में अधिक प्रभावी एवं त्वरित उपचार सुविधा मिल रही है। इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सेवाओं के और विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया।

उन्होंने अस्पताल को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करते हुए श्रमिकों को अधिकतम स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, चिकित्सक एवं स्टाफ सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करते हुए बस सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया, ताकि श्रमिकों की पहुंच और अधिक सुगम हो सके। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। पतरापाली स्थित 100 बिस्तरों वाला यह अस्पताल बीमित श्रमिकों एवं उनके परिवारों के लिए एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। वर्तमान में अस्पताल में 15 चिकित्सक एवं आवश्यक तकनीकी स्टाफ कार्यरत हैं, जिससे उपचार व्यवस्था मजबूत हुई है। अस्पताल में शीघ्र ही भर्ती सुविधा प्रारंभ किए जाने की तैयारी है, जिससे गंभीर रोगों के उपचार के लिए श्रमिकों को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा जिले के सभी उद्योगों के लिए रोस्टर जारी किया गया है, जिसके अंतर्गत क्रमानुसार कारखाना प्रबन्धन श्रमिकों को उत्तम स्वास्थ लाभ हेतु जाँच के लिए ईएसआईसी हॉस्पिटल ले कर आएगा। साथ ही बीमित श्रमिक स्वयं अपने परिवार के सदस्यों के साथ जाँच के लिए ईएसआईसी हॉस्पिटल जा सकते है। विभाग द्वारा श्रमिकों को योजना का लाभ लेने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम की योजना संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था है, जिसके अंतर्गत उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, आर्थिक सहायता, मातृत्व लाभ, दुर्घटना मुआवजा एवं पेंशन जैसी सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

## पान पाउच और अन्य उत्पादों में मची है लूट, जमाखोरी भी हो गया हावी



**पुसौर।** पान पाउच से लेकर अन्य उत्पादों के बढ़ते दामों से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसे लेकर सोशल मीडिया में भी कई तरह की अफवाहें फैल रही है। इसमें कई थोक व्यापारी और निर्माता इस युद्ध का फायदा उठा रहे हैं और कृत्रिम कमी दिखाकर सामग्रियों के दर में वृद्धि कर अतिरिक्त कमाने की तरकीब लगा रहे हैं। ज्ञात हो कि सरकार का जिस उत्पाद में सीधा दखल है उसमें आंशिक रूप से दर वृद्धि हुई है और जहां परोक्ष रूप से दखल है तो उन सामग्रियों के दरों में काफी इजाफा हुआ है जिसमें कि युद्ध का कोई लेना देना नहीं है। सामग्रियों में भी इस तरह बढ़ते दाम को लेकर लोग परेशान है। सूत्रों की माने तो खाने के तेल, सहित कई किराना सामग्रियों में दर की वृद्धि हुई है वहीं पान पाउच और तम्बाकू चबाने वालों के पैकेट में एक तरफा सेंध लगाई जा चुकी है।

## गैस, पेट्रोल-डीजल, और उर्वरक की कोई कमी नहीं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले में किसी भी प्रकार गैस, पेट्रोल डीजल, और उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह में न आएं। कलेक्टर ने शनिवार को कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक लेकर जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए थे। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में जशपुर जिले में किसी भी प्रकार से पेट्रोल डीजल एवं घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है।

सभी आमजनों से अनुरोध है कि वह आपूर्ति को लेकर किसी भ्रमक सूचना पर ध्यान न दे, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित अवधि में गैस बुकिंग हो रही है व समय सीमा में उसका भंडारण हो रहा है । इसी प्रकार जिले के सभी पेट्रोल डीजल पंपों में नियमित सप्लाई आ रही है । आम उपभोक्ताओं को यदि पेट्रोल एवं डीजल एवं घरेलू गैस की प्राप्ति में किसी भी प्रकार की समस्या संबंधी शिकायत हेतु राज्य स्तर पर खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 अथवा 1967 एवं राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 0771-2511975 से संपर्क कर सकता है एवं इसके लिए जिला कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नंबर 9244011192 है ।



## शांति भवन चर्च में आध्यात्मिक संदेशों के साथ पवित्र सप्ताह की शुरुआत

**जशपुरनगर।** शांति भवन चर्च में पॉम संडे अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने खजूर की डालियां हाथों में लेकर प्रभु यीशु मसीह के येरुशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में भाग लिया। समारोह के अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभा एवं पवित्र मिस्सा का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता फादर फुलजेंस लकड़ा ने मसीही समुदाय को संबोधित करते हुए खजूर रविवार के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन पवित्र सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक है, जो ईस्टर (पुनरुत्थान) तक चलता है।

फादर लकड़ा ने अपने संदेश में कहा कि जब प्रभु यीशु मसीह गधे पर सवार होकर येरुशलेम में प्रवेश कर रहे थे, तब लोगों ने खजूर की डालियां लहराकर उनका स्वागत किया। यह घटना शांति के राजा के रूप में मसीह के आगमन की भविष्यवाणी की पूर्ति का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि खजूर रविवार हमें यह सिखाता है कि प्रभु का राज्य शक्ति या राजनीतिक विजय का नहीं, बल्कि विनम्रता, प्रेम, शांति और आध्यात्मिक मुक्ति का है। भीड़ द्वारा पहले स्वागत और बाद में क्रूस पर चढ़ाने की मांग का विरोधाभास यह दर्शाता है कि सच्ची भक्ति बाहरी उत्साह नहीं, बल्कि हृदय से समर्पण और आज्ञाकारिता में निहित है। फादर फुलजेंस लकड़ा ने सभी से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में यीशु मसीह को राजा के रूप में स्वीकार करें तथा शांति, प्रेम और क्षमा का संदेश समाज में फैलाएं। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने खजूर की पवित्र डालियों को आशीषित कराया और उन्हें अपने घरों में विश्वास की निशानी के रूप में स्थापित किया। यह आयोजन पूरे समुदाय में एकता, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बना।



## माजदा वाहन में अवैध कबाड़ का परिवहन, 4180 किलो कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टाटा माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एएन 7028 को पकड़ा गया है। इस वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में कबाड़ लोहा, छड़, टीना एवं जंग लगा तार लोड पाया गया। वाहन चालक टीपू मनिहार पिता सत्तार मनिहार 34, निवासी तुर्रीभांठा बायपास रोड खरसिया से कबाड़ के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गयाए जिस पर वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका और गोलमोल जवाब देने लगा। वाहन में चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर चौकी खरसिया पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35,क,ड एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 303,2 के तहत वाहन माजदा 5 लाख रुपए तथा उसमें लोड 4180 किलोग्राम कबाड़ 15 हजार को जब्त किया गया है।



## गायत्री परिवार ने कराया 240 जोड़ों का विवाह

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गायत्री परिवार के जिला के विभिन्न विकासखंड से आए परिजनों के मार्गदर्शन में इस विशाल सामूहिक विवाह समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस पुनीत अवसर पर 240 नवयुगलों ने वैदिक विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की।

कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ एवं मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें गायत्री परिवार के जिले भर आए ब्रह्मवादिनी बहनों, आचार्यों द्वारा वैदिक रीति से संगीतमय विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। कार्यकम में विवाह संस्कार से संबंधित विभिन्न हल्दी रस्म, मेहदी, फेरा, कन्यादान आदि पर विवाह टोली द्वारा प्रस्तुत किए गए संगीतमय गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी शुभागमन हुआ। मुख्यमंत्री का स्वागत गायत्री परिवार ट्रस्ट जशपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सहादुल प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्होंने पुष्प वर्षा करते हुए सभी को अपना आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही उपस्थित परिजनों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी नवदम्पत्तियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि सामूहिक विवाह का उद्देश्य समाज में सादगी, समानता एवं कुरीतियों के उन्मूलन को बढ़ावा देना है। इस आयोजन के माध्यम से दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सकारात्मक संदेश भी दिया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के जिला समन्वयक काशीराम श्रीवास ने कहा कि इस प्रकार का आदर्श विवाह एक ऐसा सादगीपूर्ण और दिव्य वैवाहिक संस्कार है, जो दिखावे से दूर आपसी समझ, प्रेम, और उच्च आदर्शों पर आधारित होता है। यह सिर्फ दो शरीरों का नहीं, बल्कि दो आत्माओं और परिवारों का मिलन है, जिसमें शारीरिक आकर्षण से अधिक विचारों की समानता और जिम्मेदारी साझा करने पर जोर दिया जाता है।



## आगामी खरीफ सीजन में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

**सारंगढ़।** आगामी खरीफ वर्ष 2026 में किसानों को रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर कड़ी निगरानी रखने एवं दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सहकारी समितियों के प्रबंधकों को कृषकों के ऋण मान का समय पर निर्धारण एवं स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए जिससे किसान खरीफ सीजन से पूर्व उर्वरकों का उठाव कर सकें।

बैठक में डॉ कन्नौजे द्वारा निर्देशित किया गया कि खरीफ सीजन प्रारंभ होने से पूर्व समितियों एवं गोदामों में उर्वरकों का समुचित भंडारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों को आवंटन के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण करने तथा वितरण में किसी प्रकार की कटौती न करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा रासायनिक उर्वरकों के साथ साथ नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, बायोफर्टिलाइजर, जैविक खादए प्राकृतिक खेती, हरी खाद एवं ब्लू ग्रीन एल्गी के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। कृषि विभाग के मैदानी अमले को निर्देशित किया गया कि किसानों के मध्य इन विकल्पों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि हो तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सके। जिला प्रशासन द्वारा लगातार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग से टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिल सके।

कृषि विभाग द्वारा किसानों की सुविधा के लिए उर्वरकों से संबंधित शिकायत एवं जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 07768-299015 जारी किया गया है। किसानों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इस नंबर पर संपर्क करें। बैठक में एसडीएम वर्षा बंसल, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई, जिला सहकारी बैंक, अपेक्स बैंक के प्रतिनिधि, नोडल सहकारी समितियों के प्रबंधक, उर्वरक निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि सहित जिले के कृषि विभाग के फील्ड अधिकारी उपस्थित रहे।



## दुष्कर्म के आरोपी को 4 साल का सश्रम कारावास, जुर्माने से भी किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में चौकी बेलादूला थाना सरसीवा के विशेष आपराधिक प्रकरण पॉक्सो एक्ट से संबंधित फैसला सुनाया गया।

आरोपी आरोपी कन्हैया लाल यादव पिता सुखुराम यादव 44 निवासी ग्राम दुल्लापुर चौकी बेलादूला थाना सरसीवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा नाबालिक पीड़ित बालिका से अनाचार करने की नीयत से रात करीब साढ़े 10 बजे घर का दरवाजा खोलकर उसके हाथ साथ दुष्कर्म करने की कोशिश किया था। पीड़िता के द्वारा चिल्लाने से अभियुक्त फरार हो गया था। इस घटना की थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था। जिस पर चौकी बेलादूला थाना सरसीवा मे अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित नागालिग होने के कारण प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 457 के तहत 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है।




